वार्षिक रिपोर्ट | 2012-2013

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स सी-डॉट C-DOT

सी–डॉट का सिटीजन/ग्राहक चार्टर

देश में दूरसंचार उपस्कर विनिर्माण आधार को सशक्त बनाने के लिए नवरचना, स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहन देनाः

- देश की दूरसंचार आवश्यकताओं, विशेषकर सामरिक क्षेत्रों में राष्ट्रीय महत्व की और ग्रामीण अनुप्रयोगों की जरूरतें पूरी करना
- संस्थापित नेटवर्क्स, प्रयोगों और अध्ययनों का अधिकतम उपयोग कर नई प्रौद्योगिकियां विशिष्टताएं और सेवाएं प्रारम्भ करने में दूरसंचार कम्पनियों और सेवा प्रदाताओं का समर्थन करना
- स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियों को हस्तांतरित करते हुए भारतीय दूरसंचार विनिर्माण आधार को सशक्त बनाना।

सी-डॉट
C-DOT

विषय सूची

01 सी–डॉट प्रबंधन मंडल

02 सिंहावलोकन

03 विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति

11 अन्य गतिविधियाँ

17 लेखा विवरण

सी-डॉट
C-DOT

सी–डॉट प्रबंधन मंडल

शासी परिषद

अध्यक्ष
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
उपाध्यक्ष
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
सदस्य
रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार
अध्यक्ष, दूरसंचार आयोग एवं सचिव (टी)
सदस्य (दूरसंचार), दूरसंचार आयोग
सदस्य (वित्त), दूरसंचार आयोग
सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारत संचार निगम लिमिटेड
कार्यकारी निदेशक, सी–डॉट
निदेशकगण, सी–डॉट

संचालन समिति

अध्यक्ष
अध्यक्ष, दूरसंचार आयोग एवं सचिव (टी)
उपाध्यक्ष
सदस्य (प्रौद्योगिकी), दूरसंचार आयोग
सदस्य
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईटीआई लिमिटेड
निदेशक (योजना), भारत संचार निगम लिमिटेड
वरिष्ठ उप–महानिदेशक, टेलीकॉम इंजीनियरिंग सेंटर
उप–महानिदेशक (टीपीएफ), दूरसंचार विभाग
वरिष्ठ निदेशक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
कार्यकारी निदेशक, सी–डॉट
निदेशकगण, सी–डॉट

परियोजना मण्डल

अध्यक्ष
कार्यकारी निदेशक, सी–डॉट
सदस्य
निदेशकगण, सी–डॉट

सिंहावलोकन

सी–डॉट भारत का प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र है और यह राष्ट्र निर्माण में अग्रणी रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित किफायती, अत्याधुनिक, संपूर्ण दूरसंचार समाधान उपलब्ध कराने के प्रति वचनबद्ध सी–डॉट ने 28 वर्ष पूर्व स्थापना के बाद से महत्वपूर्ण प्रगति की है।

देश के ग्रामीण दूरसंचार क्षेत्र में सी–डॉट के योगदान से सभी भली भांति अवगत हैं। सी–डॉट ने 80 के दशक में भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल ग्रामीण दूरसंचार उत्पाद विकसित किए। वातानुकूलन के बिना भी उपयुक्त कार्य करने में सक्षम, सी–डॉट के ग्रामीण स्वचालित एक्सचेंज–रैक्स को सशक्तता और विश्वसनीयता के कारण उत्कृष्ट माना गया। इसके बाद, अर्द्ध–शहरी क्षेत्र के लिए एसबीएम रैक्स और शहरी क्षेत्र के लिए मैक्स–एल (बाद में मैक्स–एक्सएल) विकसित किए गए। ग्रामीण अनुप्रयोगों के लिए रेडियो उत्पाद 6 आरयू 10 भी बनाया गया। ये सभी उत्पाद समकालीन डिजिटल प्रौद्योगिकी पर आधारित थे।

महज डायल टोन उपलब्ध करने के एकमात्र मिशन से शुरुआत करने वाला सी–डॉट पिछले 28 वर्षों में उपग्रह संचार, आईएन, एटीएम, डीडब्ल्यूडीएम, एनएमएस, वायरलैस ब्रॉडबैंड, जीपॉन, एनजीएन और मोबाइल सेल्यूलर सिस्टम्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों की संचार प्रौद्योगिकी के अनुसंधान एवं विकास का राष्ट्रीय केंद्र बन गया। भारतीय नौसेना के जहाजों पर संचार के लिए सी–डॉट की एटीएम प्रौद्योगिकी इस्तेमाल में लाई जाती है। जीपॉन ग्रामीण भारत तक ब्रॉडबैंड पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उत्कृष्ट रूप से उपयुक्त है, जो उसे ई–सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाता है। सक्रिय जीएसएम अवसंरचना के साझा इस्तेमाल पर आधारित एसजी–रैन उत्पाद ग्रामीण बाजार में वाजिब दामों पर मोबाइल सुविधा उपलब्ध करा सकता है। सी–डॉट के मैक्स/रैक्स ग्राहकों तक वीओआईपी और ब्रॉडबैंड की पहुंच के साथ–साथ पीओटीएस (साधारण पुरानी टेलीफोनी सेवा) में नई विशिष्ट सुविधाएं शामिल करते हुए मैक्स–एनजी देश की फिक्स्ड लाइन अवसंरचना में नई जान डाल रहा है।

सी–डॉट दूरसंचार सॉफ्टवेयर समाधान उपलब्ध कराने के क्षेत्र में भी सक्रिय रहा है। सी–डॉट के वृहद् एनएमएस (नेटवर्क मैनेजमेंट सिस्टम) समाधान से विभिन्न विक्रेताओं के नेटवर्कों के प्रबंधन में मदद मिली है। सी–डॉट के डाटा क्लीयरिंग हाउस (सीएलएच) समाधान को बीएसएनएल और एमटीएनएल के बीच जीएसएम रोमिंग रिकॉर्ड के मिलान के लिए वाणिज्यिक तौर पर लगाया गया है और वह बाजार में स्पर्धात्मक दबाव के बावजूद अपनी पकड़ बनाए हुए है।

सी–डॉट को दूरसंचार सुरक्षा और सामरिक अनुप्रयोग के लिए सुरक्षित नेटवर्क हेतु केंद्रीय मानिटरिंग सिस्टम जैसी राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाएं भी सौंपी गई हैं।

सी–डॉट के दिल्ली और बेंगलूर परिसरों में अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास सुविधाएं विश्व में उपलब्ध बेहतरीन सुविधाओं के समान स्तर की हैं।

31 मार्च 2013 को विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति

वर्ष 2012–13 में संचालित होने वाली प्रमुख गतिविधियां सी–डॉट की गवर्निंग काउंसिल द्वारा स्वीकृत 2012–13 की वार्षिक कारोबारी योजना के अनुरूप थीं। सी–डॉट में संचालित सभी परियोजनाओं को विभिन्न योजनाओं की श्रेणियों में रखा गया था। वित्त वर्ष 2012–13 में संचालित योजनाएं और संबंधित परियोजनाएं अपनी मौजूदा स्थिति के साथ निम्नलिखित हैं:–

योजना : संचार और सुरक्षा अनुसंधान एवं निगरानी

इस परियोजना के तहत जो गतिविधियां चलाई गई हैं, उनमें अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के अंश के रूप में संवर्धन और एसडब्ल्यू कस्टमाइजेशन, साथ ही साथ फील्ड में क्रमिक रोल–आउट शामिल हैं। सभी योजनाओं में अच्छी प्रगति हुई। वर्ष के दौरान सम्पन्न की गई विकास संबंधी गतिविधियों में सीएमएस एसडब्ल्यू कस्टमाइजेशन पर ध्यान दिया गया, जिसमें एलईएमएफ (कानून प्रवर्तन निगरानी कार्य), एलईए (कानून प्रवर्तन एजेंसी) के लिये एसडब्ल्यू समाधान, एलईएमएफ के लिए सहायता, आरएमसी (क्षेत्रीय निगरानी केंद्र) और सीएमसी (केंद्रीय निगरानी केंद्र) के सॉफ्टवेयर में एमएनपीओ (मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी ऑपरेटर) शामिल है। इसके अलावा, इस उद्देश्य के लिये स्वदेशी रूप से विकसित किये गये एचडब्ल्यू के लिए अनुरूप बनाने के लिए आईएसएफ (इंटरसेप्शन स्टोर–एंड–फॉरवर्ड) सॉफ्टवेयर का भी संवर्धन किया गया है। इस इंटरफेस हार्डवेयर के लिये ईएमएस (एलिमेंट मैनेजमेंट सिस्टम) के एसएनएमपी एजेंट का विकास पूरा कर लिया गया है। सीएमएस के लिये नेटवर्क मैनेजमेंट सिस्टम (एनएमएस) लागू किया जा चुका है। 3जी के मल्टीपल कोडेक के लिये सपोर्ट तथा आईएसएफ एसडब्ल्यू में एलआईएस (लॉफुल इंटरसेप्शन सिस्टम) के कस्टमाइजेशन से जुड़ी विकास संबंधी गतिविधि पूरी हो चुकी है। आईएसएफ और आरएमसी की लोड टेस्टिंग पूरी हो चुकी है।

डीरैक्स

आरएमसी–डीआर (आरएमसी डिजास्टर रिकवरी) डिजाइन को भी अंतिम रूप दिया गया है।

फील्ड में डिप्लॉय करने के लिये सीएमएस रोल–आउट की दिशा में हुई प्रगति में एमएनपीओ का सीएमएस एसडब्ल्यू के साथ समन्वयन पूर्ण हो जाना और मौजूदा प्रायोगिक सीएमसी डाटा केंद्र का उपकरण के माध्यम से उन्नयन, 8एलएसए के लोड की जरूरत को पूरा किया जाना शामिल है। डाटा सेंटर बनाने का काम सौंपा जा चुका है और इससे जुड़ी गतिविधियां करीब 60 प्रतिशत पूरी हो चुकी हैं।

7एलएसए (लाइसेंस्ड सर्विस एरिया) यथा–दिल्ली, हरियाणा, कोलकाता, कर्नाटक, मुम्बई, राजस्थान और तमिलनाडु में उनके दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) परिसरों में आईएसएफ सर्वर लगने तथा इन आईएसएफ का, एलएसए के लिये निर्दिष्ट प्रायोगिक आरएमसी (क्षेत्रीय निगरानी क्षेत्र) के साथ समन्वयन किये जाने के साथ ही रोल–आउट गतिविधियां पूरी हो चुकी हैं।

ग्रामीण प्रौद्योगिकियां

यह योजना गांवों पर ध्यान केंद्रित करते हुए ग्रामीण दूर–घनत्व को बेहतर बनाने तथा ग्रामीण और शहरी भारत के बीच की डिजिटल खाई पाटने की खातिर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी मुहैया

कराने के लिये विभिन्न प्रदेयों की परिकल्पना करती है।

इस वित्त वर्ष के दौरान, एसजी–रैन सिस्टम प्रायोगिक तौर पर फील्ड में लगाया गया। इसे बीएसएनएल नेटवर्क में बेंगलौर के सकलवाड़ा और तमिलनाडु के होसुर में लगाया गया है। ईएआईएस (एन्हैंस्ड एक्टिव इंफ्रास्ट्रक्चर शेयरिंग) विकास कार्यक्रम के तहत जीपीआरएस कार्यात्मकता भी एसजी–रैन में लागू की गई और जीपीआरएस परीक्षण भी पूरा किया जा चुका है। इसके बाद, फील्ड में लगाये गये एसजी–रैन सिस्टम का भी जीपीआरएस कार्यात्मकता के साथ उन्नयन भी किया जाएगा, ताकि उसका फील्ड परीक्षण किया जा सके।

ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकियां

ब्रॉडबैंड प्रौद्योगिकी का लक्ष्य एनकेएन (राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क) के लिये ब्रॉडबैंड सीपीई (कस्टमर प्रीमिसिज इक्विपमेंट) का 3जी वॉयरलैस फॉलबैक और टेराबिट राउटर (कमर्शियल–ग्रेड मल्टी टेराबिट राउटिंग सिस्टम) के साथ विकास करना है ताकि रक्षा, सुरक्षा एजेंसियों आदि के नेटवर्क्स की अनुप्रयोग संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिये उच्च क्षमता वाले नेटवर्क का निर्माण किया जा सके।

एनकेएन के लिये 300जीबीपीएस प्रवाह क्षमता (फुल डुप्लैक्स) सहित राउटिंग प्लेटफॉर्म तैयार है। इसके अलावा, विभिन्न परीक्षणों के लिये इन राउटिंग प्लेटफॉर्म्स के मल्टीपल प्रोटोटाइप्स भी बनाये जा रहे हैं। इतना ही नहीं, संरचना और अभियांत्रिकी डिजाइन के पूर्ण होने के साथ ही कमर्शियल–ग्रेड मल्टी–टेराबिट राउटिंग सिस्टम के विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। डिजाइन को लागू करने संबंधी गतिविधियां जारी हैं। 3जी–एचएसडीपीए (हाई स्पीड डाउनलिंक पैकेट एक्सैस) मॉडेम के लिये भी विकास पूरा हो चुका है, जिसे यूएसबी कनैक्टर पर ब्रॉडबैंड एडीएसएल (एसिस्टमैटिक डिजीटल सब्सक्राइबर लाइन) मॉडेम के साथ जोड़ा गया है, ताकि इस 3जी–एचएसडीपीए मॉडेम के जरिये इंटरनेट एक्सैस सम्भव कराई जा सके। 3जी के एडीएसएल फॉलबैक का फील्ड परीक्षण हो चुका है।

नैक्स्ट जेनरेशन मोबाइल प्रौद्योगिकियां

मोबाइल प्रौद्योगिकियां में विकास उत्साहजनक रफ्तार से जारी है। आने वाले वर्षों में मोबाइल नेटवर्क्स के पास मल्टी–मेगाबाइट फिक्स्ड कनैक्शंस में वर्तमान की तुलना में कहीं ज्यादा सपोर्ट सर्विसिज उपलब्ध होंगी।

इस वर्ष के दौरान अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में डिज़ाइन और एलटीई (लांग–टर्म इवोल्यूशन) प्रौद्योगिकी के विकास पर जोर दिया गया, जिसमें फेमटो ईनोडबी एक्सैस नोड तथा मूलभूत नेटवर्क–ईपीसी (इवोल्वड पैकेट कोर) के सभी संघटकों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रोटोटाइप एचडब्ल्यू के लैब रियलाइजेशन के साथ फेमटो ईनोडबी एचडब्ल्यू विकास गतिविधि में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। ईपीसी आर्किटेक्चर को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है और ईपीसी नोड्स–यथा मोबिलिटी मैनेजमेंट एंटीटी (एमएमई), सर्विंग गेटवे (एसजीडब्ल्यू), पैकेट डाटा नेटवर्क गेटवे (पीजीडब्ल्यू), होम सब्सक्राइबर सर्वर (एचएसएस), पॉलिसी एंड चार्जिंग रूल फंक्शन (पीसीआरएफ) का कार्यान्वयन किया जा रहा है। फेमटो ईनोडबी प्रोटोटाइप पर, कुछ विकसित ईपीसी व्यवहारिकताओं का इस्तेमाल करते हुए ऑडियो कॉल, वीडियो कॉल और वीडियो स्ट्रीमिंग का भी प्रदर्शन किया गया है।

कैरिअर नेटवर्क्स ट्रांसपोर्ट टैक्नॉलोजीस

कैरिअर नेटवर्क्स ट्रांसपोर्ट टैक्नॉलोजीस के आधार पर ऐसे उभरते अनुप्रयोगों की जरूरतें पूरी करने के लिये परियोजनाओं की योजना बनाई गई है, जो सूचना के प्रवाह के लिये डाटा पर केंद्रित, हाई बैंडविड्थ और विशाल डाटा दर वाले हैं तथा जिन्हें भावी प्रौद्योगिकी रूझानों के साथ विकसित होने के लिये ट्रांसपोर्ट/बैकहॉल, मेट्रो/एग्रीगेशन तथा नेटवर्क्स तक एक्सैस बनाने की जरूरत है।

आईईईई 1588–कम्प्लाइअंट सीपीई (कस्टमर प्रीमिसिज इक्विपमेंट) यथा बैकहॉल और किफायती ऑप्टीकल लाइन टर्मिनेशन (ओएलटी) के लिए ऑप्टीकल नेटवर्क

टर्मिनेशन–टाइप–9(ओएनटी 9), यानी ऑप्टीकल इंटरफेजिस के साथ भवन दामिनी के लिए विकास कार्य पूरा हो चुका है। भवन दामिनी का एनओएफएन परीक्षण ब्लॉक में फील्ड परीक्षण हो चुका है। ओएनटी 9 (आईईईई 1588 कम्प्लाइअंट सीपीई) फील्ड परीक्षण के लिये तैयार है। इसके अलावा, 10जी जीपॉन की सर्विसिज का भी प्रदर्शन किया जा चुका है। इसके अलावा, ट्रेडमार्क चैसिज के लिये जरूरी सी–डॉट लाइन कॉर्ड फॉर तेजस (सीओएलटी) के विकास में भी अच्छी प्रगति हुई है।

दूरसंचार सेवाएं एवं अनुप्रयोग

यह योजना विकास कार्यक्रमों के तहत उन एसडब्ल्यू इंटेसिव सर्विसिज और अनुप्रयोगों पर ध्यान देती है, जो अनुप्रयोगों, नेटवर्क्स, विषयवस्तु और विशिष्ट प्रकार की मूल्य वर्धित सेवाओं में हो रहे बदलावों के मुताबिक प्रौद्योगिकी के बदलते रूझानों की जरूरतें पूरी करते हैं। एसडब्ल्यू अनुप्रयोग के विकास की दिशा में हुई प्रगति में शामिल है:

- विन्यास, अकाउंटिंग, प्रोविजनिंग, नम्बर और फॉल्ट मैनेजमेंट सिस्टम्स को सपोर्ट करने वाले यूनीफाइड नेटवर्क मैनेजमेंट सिस्टम (यूएनएमएस) बेस रिलीज।

- एनओएफएन (नेशनल ऑप्टीकल फाइबर नेटवर्क) के लिए एनएमएस : प्रोटोटाइप डिजाइन पूरा करने तथा प्रूफ ऑफ कांसेप्ट (पीओसी) प्रदर्शन। 3एनओएफएन परीक्षण ब्लॉक्स एनएमएस की निगरानी में हैं।

- टेलीकॉम एस्सैट मैनेजमेंट सिस्टम (टीएएमएस) का यूएनएमएस के साथ समन्वयन

- सी–डॉट बीबीडब्ल्यूटी पर आधारित ब्रॉडबैंड वॉयरलैस नेटवर्क के प्रबंधन के लिये एनएमएस अनुप्रयोग का विकास और प्रायोगिक परीक्षण, बीएसएनएल आदि के लिये आईपी–आधारित मैनेज्ड लीज लाइन नेटवर्क (आईपी–एमएलएलएन) ।

- प्लेटफॉर्म का संवर्धन, यथा एक्सएमएल (एक्सटेंसिबल मार्कअप लैंगुएज) जैसी कार्यात्मकता के साथ कस्टमाइज्ड सर्विस मैनेजमेंट प्लेटफॉम (सीएसएमपी) और एनजीएन (नैक्स्ट जेनरेशन नेटवर्क्स) के लिए एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफेस)।

इसके अलावा, कस्टमाइज्ड प्लेटफॉर्म फॉर रूरल सर्विसिज (सीपीआरएस) के लिये सिस्टम आर्किटैक्चर को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है, जो आधार सत्यापन, ई–एग्रीकल्चर, ई–डॉक्टर परामर्श जैसी अनुप्रयोग आधारित सेवाएं मुहैया कराने के लिये जैस्चर और स्पीच रिकोग्नीशन, नियर फील्ड कम्युनिकेशन आदि जैसी कई विशेषताओं और कार्यों को सपोर्ट करता है। वर्ष के दौरान स्पीच रिकोग्नीशन और आधार सत्यापन विशेषताएं लागू की गई हैं। क्लाइंट हार्डवेयर का विकास और परीक्षण सम्पन्न हो चुका है।

बिजली की कम खपत वाली और हरित प्रौद्योगिकियां

विकास के लिये, वर्तमान बीटीएस (एलटीई के समान) में इस्तेमाल होने वाले परम्परागत पॉवर एंप्लीफायर की कार्यकुशलता में सुधार लाने के लिये उच्च दक्षता वाली आरएफ एंप्लीफिकेशन टैक्नॉलोजी की परिकल्पना की गई है। यह सिर्फ बीटीएस में ही नहीं बल्कि एलटीई ई नोडबी या फेमटो सेल इस्तेमाल में लाई जाएगी। विशिष्ट निरूपण और संरचना को अंतिम रूप दिया जा चुका है। एचडब्ल्यू के लिये डिजाइन कार्यान्वयन हो चुका है।

सुरक्षित वॉयरलैस और वॉयरलाइन नेटवर्क्स

3जी, वाईफाई जैसी मानक वॉयरलैस प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करते हुए सुरक्षित मोबाइल कम्युनिकेशन नेटवर्क की स्थापना अभीष्ट है, ताकि क्लोज्ड यूजर ग्रुप (सीयूजी) के अधिप्रमाणित यूजर्स को पहुंच उपलब्ध कराई जा सके, कम्युनिकेट करने वाले यूजर्स की पहचान की गोपनीयता बरकरार रखी जा सके, भविष्य में अपग्रेड हो सकने वाले वीडियो, डाटा कम्युनिकेशन आदि के लिये गुप्त और नॉन–इंटरसेप्टिव वॉयस कम्युनिकेशन को ट्रांसपोर्ट किया जा सके।

इस वर्ष के लिये निम्नलिखित प्रमुख गतिविधियां पूरी की गईं :

- कस्टम एंक्रिप्शन और वॉयस कोडेक के साथ वाइप्स अनुप्रयोग का विकास
- वाइप्स अनुप्रयोग के लिये तत्काल इस्तेमाल के लिये उपलब्ध स्मार्ट फोन्स का कस्टमाइजेशन
- सुरक्षित मोबाइल सर्विसिज के लिये कोर नेटवर्क एलिमेंट्स में सुधार तथा
- व्यवसायिक तौर पर उपलब्ध हैंडसैट्स के साथ नेटवर्क का प्रदर्शन

पूर्वोत्तर कार्यक्रम सहित विकसित प्रौद्योगिकियों के लिये सवंर्धन, नयी विशेषताएं, उन्नयन, रूपांतरण एवं तकनीकी सहायता

फील्ड समस्याओं को सुलझाने, संघटकों के अप्रचलन, उनमें सुधार की जरूरत आदि के लिए यह प्रौद्योगिकी सहायता निरंतर उपलब्ध कराई जा रही है।

नियमित ऑन–साइट और ऑफ–साइट प्रौद्योगिकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। विभिन्न नेटवर्क्स और विविध अनुप्रयोगों की उपयुक्तता के लिये विविध स्थानों पर फील्ड/प्रायोगिक परीक्षण भी किये जा रहे हैं। जीपॉन, मैक्स, एटीएम, एसजी–रैन, मैक्स–एनजी, आईएमएस–कांप्लाइअंट मैक्स–एनजी, बीबीडब्ल्यूटी, एसडीसीएन और एनएमएस कुछ ऐसी प्रौद्योगिकियां हैं, जिन्हें सुधार के लिए नियमित सहायता की जरूरत पड़ती है। उपलब्धियां निम्नलिखित हैं :

- एसजी–रैन सिस्टम बीएसएनएल नेटवर्क (बेंगलोर के सकलवाड़ां), टाटा टेलीसर्विसिज नेटवर्क और रिलायंस नेटवर्क (तमिलनाडु के होसुर) में लाइव ट्रैफिक के साथ परीक्षण के लिये प्रायोगिक तौर पर लगाया गया।
- एफटीटीएच सर्विसिज पर वॉयस प्रोविजनिंग के लिये सी–डॉट समाधान 200 शहरों में प्रचलन में है। इसका अन्य शहरों में विस्तार किया जा रहा है।
- मैक्स–एनजी का विधिमान्यकरण और परीक्षण पूरा हो चुका है। ये प्रणालियां बीएसएनएल नेटवर्क में चार स्थलों पर संचालित की जा रही हैं और फील्ड में उपयोगी साबित हुई हैं। फील्ड में मैक्स–एनजी प्रौद्योगिकी रोल–आउट के लिये मैसर्ज बीएसएनएल के साथ सहमति पत्र भी हस्ताक्षर किये गये हैं और सी–डॉट फिक्स्ड–लाइन प्रौद्योगिकी के नैक्स्ट जेनरेशन पैकेट टेक्नॉलोजी में बड़े पैमाने पर माइग्रेशन के लिए गतिविधियां जारी हैं।
- एमटीएनएल–दिल्ली और मुम्बई में आईएमएस–कांप्लाइअंट एनजीएन कोर एंड मीडिया गेटवे लगाया और चालू किया जा चुका है। इसके अलावा, एमटीएनएल–दिल्ली और मुम्बई में सी–डॉट टीडीएम आधारित आईएन प्लेटफॉर्म का एनजीएन आधारित आईएन प्लेटफॉर्म में माइग्रेशन किया जा चुका है।
- जीपॉन प्रौद्योगिकी में एक नये प्रकार के ओएलटी और तीन नये प्रकार के ओएनटी के साथ सुधार किया गया है तथा एनओएफएन परीक्षण ब्लॉक्स में सिस्टम लगाया गया है। एनओएफएन और 3एनओएफएन परीक्षण ब्लॉक्स के लिये एनएमएस पीओसी भी पूरा किया जा चुका है और वर्तमान में एनएमएस की निगरानी में है।
- नियमित ऑन–साइट और ऑफ–साइट प्रौद्योगिकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

प्रौद्योगिकियों और दूरसंचार नेटवर्क्स को सक्षम बनाना

वर्ष के दौरान, ऑप्टीकल बैकबोन नेटवर्क जैसे कुछ प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में डीडब्ल्यूडीएम (डेंस वेवलेंथ डिवीजन मल्टीप्लेक्सिंग) रूझानों के लिये –40/100जीबीपीएस लाइन दरों पर, 100 प्लस चैनल्स, इन–बिल्ट ग्रूमिंग और मल्टीप्लैक्सिंग क्षमता,

री–कंफिग्रेबल ऑप्टीकल एड–ड्रॉप मल्टीप्लैक्र्स, ऑप्टीकल क्रॉस–कनैक्ट्स आदि पर अध्ययन किये गये हैं। अन्य अध्ययनों में टैक्स्ट डाटा के विश्लेषण के लिये नैचुरल लैंगुएज प्रॉसैसिंग (स्पीच ट्रांसस्क्रिप्ट्स, जीपीआरएस से एचटीएमएल पेजिस, एसएमएस), जिसमें स्पोकन वर्ड स्पॉटिंग–उनका पता लगाना और ऑडियो फाइल्स में किसी शब्द विशेष को ढूंढना, फ्री टैक्स्ट सर्च–सिमैंटिक सर्च, स्टैम सर्च, मिसस्पेलिंग्स के साथ सर्च आदि शामिल है।

परिसर अवसंरचना

छात्रावास और आवासीय इकाइयों के निर्माण के लिए ड्राइंग्स के लिये वैधानिक मंजूरी लेने की प्रक्रिया जारी है, निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आर्किटैक्ट ने इन्हें दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पास जमा कराया है। लेआउट योजना के लिये मंजूरी एमसीडी से मिल चुकी है और भवन योजना एमसीडी के पास विचाराधीन है।

आईपीआरएस, ट्रेडमार्क्स और प्रकाशन

पेटेंट्स दाखिल

क्रम संख्या	आविष्कार का नाम	स्थिति	आवेदन संख्या	दायर करने की तिथि
1.	पारेषण के लिए संकेत आपरिवर्तन और उसकी पद्धति के लिए जीएसएम–ईडीजीई ट्रांसमिशन	पेटेंट लम्बित	3799/सीएचई/2012	14.09.2012
2.	इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) नेटवर्क में सुरक्षित संचार उपलब्ध कराने के लिए उपकरण एवं पद्धति	पेटेंट लम्बित	4502/सीएचई/2012	29.10.2012
3.	प्रबल नेटवर्क मैनेजमेंट सिस्टम प्राप्त करने से सम्बद्ध संरचना और उसकी पद्धति	पेटेंट लम्बित	1039/सीएचई/2013	12.03.2013

डिज़ाइन पंजीकरण

क्रम संख्या	आविष्कार का नाम	डिज़ाइन क्लास	डिज़ाइन सब-क्लास	आवेदन संख्या	दायर करने की तिथि	प्राप्त करने की तिथि
1.	ऑप्टिकल नेटवर्क	क्लास:14	सब-क्लास:02	248934	22.10.2012	18.03.2013

ट्रेडमार्क प्राप्त

क्रम संख्या	ट्रेडमार्क का नाम	ट्रेडमार्क क्लास	आवेदन संख्या	दायर करने की तिथि	ट्रेडमार्क संख्या	प्राप्त करने की तिथि
1.	एसजी–रैन	क्लास 38	1760470	05.12.2008	1760470	18.03.2013

ट्रेडमार्क्स दाखिल

क्रम संख्या	ट्रेडमार्क का नाम	ट्रेडमार्क क्लास	आवेदन संख्या	दायर करने की तिथि
1.	बैकहोल दमक	क्लास 9	2433097	26.11.2012
2	भवन दामिनी	क्लास 9	2433100	26.11.2012

3	दक्ष दामिनी	क्लास 9	2433105	26.11.2012
4	दमक	क्लास 9	2433109	26.11.2012
5	दामिनी	क्लास 9	2433112	26.11.2012
6	लघु दामिनी	क्लास 9	2433113	26.11.2012
7	ऑफिस दामिनी	क्लास 9	2433114	26.11.2012
8	सूर्य दमक	क्लास 9	2433117	26.11.2012
9	वज्र दमक	क्लास 9	2433118	26.11.2012
10	संगीत दमक	क्लास 9	2433115	26.11.2012

तकनीकी पत्रों का प्रकाशन

क्रम	प्रकाशन का शीर्षक	लेखक	पत्रिका
1.	वाईमैक्स बैंड में कुछ प्रायोगिक जांच और पश्चिमी भारत के मिश्रित शहरी वातावरण में प्रसार मॉडल्स की तुलना–	छाया डेलेला, एमवीएसएन प्रसाद, पी के डेलेला	स्प्रिंगर, एनाल्स ऑफ टेलीकम्युनिकेशंस
2.	उत्तर भारत में एडब्ल्यूएएस इलैक्ट्रोमैग्नेटिक कोड और अन्य अनुमान मॉडल्स के साथ जीएसएम 900मैगाहर्ट्ज परिणामों की प्रायोगिक जांच	एमवीएसएन प्रसाद, पी के डेलेला और सी मिश्रा	प्रॉग्रेस इन इलैक्ट्रोमैग्नेटिक रिसर्च, वॉल्यूम. 125, 559–581
3.	आंशिक ट्रांसमिट और नॉयस शेपिंग एल्गोरिदम के मिश्रण के साथ पीएपीआर रिडक्शन के प्रदर्शन में सुधार –	गौरव कुमार श्रीवास्तव और नरेश कुमार तडकापल्ली	रेडियो 2012, (द रेडियो एंड एंटीना डेज़ ऑफ इंडियन ओशन,)– मॉरिशस
4.	क्रेस्ट फैक्टर रिडक्शन फॉर कैरिअर एग्रीगेटिड ओएफडीएम सिस्टम्स	गौरव कुमार श्रीवास्तव और नरेश कुमार तडकापल्ली	सॉफ्टकॉम 2012, सॉफ्टवेयर, दूरसंचार और कंप्यूटर नेटवर्क्स पर 20वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन)
5.	रेडियो वेव प्रसार अनुमान के लिये सीओएसटी–231 एचएटीए मॉडल का समस्वरण	छाया डेलेला, एमवीएसएन प्रसाद, पी के डेलेला	कंप्यूटर विज्ञान पर दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, अभियांत्रिकी एवं अनुप्रयोग, सीसीएसईए–2012

प्रक्रिया में सुधार

वित्त वर्ष 2011–2012 में सी–डॉट ने दोनों स्थलों दिल्ली और बेंगलूर में, सीएमएमआई (कैपेबिलिटी मैच्योरिटी मॉडल–इंटीग्रेटिड) मैच्योरिटी लेवल 3 प्रमाणन प्राप्त किया। वर्ष 2012–2013 के दौरान, सभी परियोजनाओं के विकास और तकनीकी सहायता की गतिविधियों के लिए जरूरी कार्य प्रणालियां जारी रहीं और मैच्योरिटी लेवल की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए तिमाही आंतरिक लेखा परीक्षण कराए गए।

समानांतर रूप से, सीएमएमआई मैच्योरिटी लेवल 5 प्रमाणन प्राप्त करने के लिए हाई मैच्योरिटी प्रक्रिया पद्धतियों की दिशा में प्रयास शुरु किए गए। हाई मैच्योरिटी प्रक्रियाओं के लिए अध्ययन, प्रशिक्षण और आवश्यक अवसंरचना तैयार करने का कार्य सम्पन्न किया गया। वर्ष 2012–2013 के आखिर तक, प्रक्रियाओं, प्रक्रिया प्रदर्शन बेसलाइंस और प्रदर्शन मॉडल्स को परिभाषित किया गया, ताकि वर्तमान और वर्ष 2013–2014 की नई परियोजनाओं में उन्हें लागू किया जा सके।

व्यवसाय संवर्धन

वर्ष 2012–13 के दौरान, सी–डॉट प्रौद्योगिकियों के प्रचार के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए। इनमें प्रौद्योगिकियों का पीओसी (प्रूफ ऑफ कांसेप्ट) परीक्षण तथा डैफ एक्सपो 2012, इंडिया टेलीकॉम 2012, एसईएस 2012 (स्ट्रेटेजिक इलैक्ट्रॉनिक्स समिट), इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन मॉड्रन ट्रेन कंट्रोल फॉर कैपिसिटी एंड सेफ्टी एन्हेंसमेंट, कृषि मेला, इंडिया टेलीकॉम 2012, इंडियन साइंस कांग्रेस 2013 आदि जैसी विभिन्न प्रदर्शनियों और संगोष्ठियों में प्रदर्शन करना शामिल है।

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप इस अवधि के लिये निम्नलिखित प्रमुख उपलब्धियां हासिल की गईं :

- एनओएफएन में सी–डॉट जीपॉन प्रौद्योगिकी की प्रायोगिक परियोजनाएं : बीएसएनएल, रेलटेल और पीजीसीआईएल की ओर से खरीद आदेश मिलना। बीबीएनएल ने एनओएफएन में जीपॉन प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिये करीब 59 ग्राम पंचायतों वाले तीन स्थलों यथा परवाडा (विशाखापत्तनम), पानीसागर (उत्तरी त्रिपुरा) और अरेन (अजमेर) का आवंटन किया है। इन स्थलों पर सिस्टम्स लगा दिए गए हैं।

- भारतीय रक्षा क्षेत्र में जीपॉन का फील्ड परीक्षण विचाराधीन है। भारतीय सेना ने सीएनडीएस (कम्युनिकेशन सिक्योर नेटवर्क फॉर डिफेंस सैक्टर) नेटवर्क और सेना भवन के लिए जीपॉन में दिलचस्पी दिखाई है, जबकि भारतीय वायु सेना, वायु भवन में एएफएनईटी (एयरफोर्स नेटवर्क) के लिए उस पर विचार कर रही है।

- राजस्थान के अजमेर में 20 ग्रामीण स्कूलों वाली ई–पंचायत परियोजना सी–डॉट के बीबीडब्ल्यूटी सिस्टम के साथ लागू की जा रही है। निर्दिष्ट ई–पंचायत नेटवर्क में बीबीडब्ल्यूटी सिस्टम और कंप्यूटर्स और प्रिंटर्स के साथ उससे सम्बद्ध हार्डवेयर, लगाए जा चुके हैं। परीक्षण पूरा हो चुका है।

- एनएमई–आईसीटी (सूचना एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा मिशन) की शैक्षणिक विषयवस्तु का वाईफाई के माध्यम से दूरदराज के इलाकों, ऑफ कैम्पस लनर्स तक वितरण करने के लिए वास्तविक परिदृश्य का अनुकरण करने के वास्ते इग्नू और सी–डॉट परिसरों में बीबीडब्ल्यूटी का पीओसी परीक्षण किया गया। इग्नू स्रोत था और सी–डॉट परिसर ने ग्रामीण छात्रों के दूरदराज के समुदाय का अभिनय किया। इस समाधान को देश भर में लागू करने के बारे में एनएमईआईसीटी में व्यापक विचार–विमर्श जारी है।

- सी–डॉट को अपने बीबीडब्ल्यूटी सिस्टम्स के लिये रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली, के अधीन अनुसंधान एवं विकास संगठनों में वॉयरलैस वाई–फाई कनैक्टीविटी के लिए खरीद आर्डर मिले हैं।

- सी–डॉट का डाटा रूरल एप्लीकेशन एक्सचेंज (डीआरएएक्स) अनुप्रयोग कर्नाटक की रामानगर जिला परिषद और शिमोगा जिला परिषद में फील्ड परीक्षण तथा क्षमता प्रदर्शन के लिये केएससीएसटी (कर्नाटक स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नॉलोजी) में लगाया गया। डीआरएएक्स अनुप्रयोग को अनुप्रयोग की उपयोगिता के लिये एसटीक्यूसी (स्टेंडर्डाइजेशन टेस्टिंग एंड क्वालिटी सर्टिफिकेशन) प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।

सहमति पत्र और समझौते

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सहमति पत्रों और समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए :

क्रम सं.	समझौते का प्रकार	हस्ताक्षर की तिथि	भागीदार	उद्देश्य
1.	एमओयू	26/04/12	भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल)	बीएसएनएल नेटवर्क में सी–डॉट डीएसएस के लिए तकनीकी सहायता
2.	एमओयू	29/06/12	भारत इलैक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल)	अनुसंधान एवं विकास, विनिर्माण, रचना, समाधानों की सुपुर्दगी, सेवा और सहायता की रूपरेखा
3.	एमओयू	30/07/12	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल)	अनुसंधान एवं विकास, विनिर्माण, परिचालन और उपकरणों की सुपुर्दगी के लिए सहकारी रूपरेखा
4.	एमओयू	31/10/12	आईटीआई लिमिटेड	अनुसंधान एवं विकास प्रयासों तथा विनिर्माण, रचना और नवीन दूरसंचार सेवाओं और पारस्परिक हित की सहायक गतिविधियों की सुपुर्दगी में विशेषज्ञता के बीच सहक्रियता
5.	एमओयू	01/11/12	यूनिवर्सल सर्विसिज ऑब्लिजेशन फंड एडमिनिस्ट्रेशन (यूएसओएफए)	कवर नहीं होने वाले गांवों में मोबाइल कम्युनिकेशन सेवाओं के प्रावधान हेतु यूएसओएफ योजना के लिए प्रौद्योगिकीय परामर्श
6.	एमओयू	19/11/12	भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल)	दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास, रचना और नवीन दूरसंचार सेवाओं में सहयोग और दूरसंचार उपकरण एवं सेवाओं से सम्बद्ध सहायता की रूपरेखा तैयार करना
7.	एमओयू	31/12/12	भारत इलैक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल)	एएससीओएन चरण–4 परियोजना के लिए भारतीय सेना द्वारा कार्यान्वित आरएफआई में भागीदारी
8.	एमओयू	30/01/13	आईटीआई लिमिटेड	– समान –
9.	एमओयू	28/03/13	भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल)	सीएमसी परियोजना के लिए एमपीएलएस कनैक्टिविटी प्रदान करना
10.	प्रोजेक्ट अनुबंध	24/05/12	कर्नाटक स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टैक्नॉलोजी (केएससीएसटी)	ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदर्शन और मूल्यांकन के लिए सी–डॉट डीआरएएक्स का इस्तेमाल

11.	प्रोजेक्ट अनुबंध	01/10/12	विप्रो और नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक (एनआईसीएसआई)	सी–डॉट नई दिल्ली में डाटा सेंटर की स्थापना करने के लिए डिजाइन, साइट की तैयारी, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमिशनिंग, परिचालन और बुनियादी ढांचे का रखरखाव
12.	प्रोजेक्ट अनुबंध	19/12/12	भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल)	बीएसएनएल नेटवर्क में सी–डॉट मैक्स /रैक्स एक्सचेंज आधारित पीएसटीएन का वीओआईपी आधारित सी–डॉट मैक्स एनजीएन में माइग्रेशन का कार्यान्वयन
13.	प्रोजेक्ट अनुबंध	01/02/13	क्यूएआई इंडिया लिमिटेड	सीएमएमआई एमएल 5 प्राप्त करने के लिए व्यवसायिक एवं मूल्यांकन सेवाएं प्रदान करना
14.	प्रोजेक्ट अनुबंध	01/03/13	प्रीसिजन इलैक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	एटीएम परियोजना (एएमडीटी) की फील्ड सहायता
15.	प्रोजेक्ट अनुबंध	21/03/13	साइबर क्यू कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड	तकनीकी रूप से अनुभवी कर्मियों की आउटसोर्सिंग
16.	टीओटी अनुबंध	18/04/12	साई इंफो सिस्टम (इंडिया) लिमिटेड	भवन दामिनी, ओएनटी 3 और 4 (वाईफाई वीईआर), ओएनटी 5 और 7
17.	टीओटी अनुबंध	26/04/12 13/03/13	हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशन लिमिटेड (एचएफसीएल)	भवन दामिनी, ओएनटी 3 और 4 (वाईफाई वीईआर), ओएनटी 5 और 7 मिनी ओएलटी
18.	टीओटी अनुबंध	03/05/12	वीएमसी सिस्टम्स लिमिटेड	भवन दामिनी, ओएनटी 3 और 4 (वाईफाई वीईआर), ओएनटी 5 और 7
19.	टीओटी अनुबंध	24/05/12 20/12/12	आईटीआई लिमिटेड	भवन दामिनी, ओएनटी 3 और 4 (वाईफाई वीईआर), ओएनटी 5 और 7 मिनी ओएलटी, ओएनटी 6 और 8 भवन दामिनी वीईआर 2
20.	टीओटी समझौता	10/07/12	भारत इलैक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल)	भवन दामिनी, ओएनटी 3 और 4 (वाईफाई वीईआर), ओएनटी 5 और 7
21.	टीओटी समझौता	31/08/12	यूनाइटेड टेलीकॉम्स लिमिटेड (यूटीएल)	भवन दामिनी, ओएनटी 3 और 4 (वाईफाई वीईआर), ओएनटी 5 और 7

अन्य गतिविधियां

प्रदर्शनियां एवं सम्मेलन

सी–डॉट संभावित ग्राहकों, भागीदारों तक पहुंचने और सी–डॉट ब्रांड की उपस्थिति बढ़ाने के लिए दूरसंचार प्रदर्शनियों और सम्मेलनों में भाग लेता रहा है। सी–डॉट के मंडप में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की झलक देखी जा सकती है। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले अन्य प्रदर्शकों के विपरीत यहां सर्वोत्तम और बेहद ज्यादा जानकारी प्रदान किए जाने की वजह से इसके मंडप को देखने बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

- **डेफेक्स्पो 2012**

  सी–डॉट ने डेफेक्सपो–2012 में भाग लिया। इस द्विवार्षिक प्रदर्शनी की यह 7वीं कड़ी थी। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 29 मार्च 2012 से लेकर 1 अप्रैल 2012 तक आयोजित इस प्रदर्शनी में जमीनी, नौसैनिक और आंतरिक सुरक्षा प्रणालियां दर्शायी गई थी। सी–डॉट ने रक्षा सुरक्षा के लिए अपने संचार नेटवर्क के साथ जीपॉन, एनएमएस और बीबीडब्ल्यूटी समाधानों का प्रदर्शन किया। तीनों सशस्त्र सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी सी–डॉट का मंडप देखने आए और वहां प्रदर्शित प्रौद्योगिकियों की सराहना की।

- **आईआरएसटीई सम्मेलन 2012**

  सी–डॉट ने नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में 27–28 अप्रैल को आयोजित 'इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन मॉड्र्न ट्रेन कंट्रोल केपेसिटी एंड सेफ्टी एन्हेंसमेंट' में भाग लिया। इस सम्मेलन का आयोजन इंस्टीट्यूशन ऑफ रेलवे सिग्नल एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स (आईआरएसटीई) भारत ने किया था। सी–डॉट ने जीपॉन, एनजीएन, बीबीडब्ल्यूटी और एनएमएस प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करते हुए अपनी तकनीकी क्षमता की झांकी प्रस्तुत की।

- **विश्व दूरसंचार एवं सूचना सोसायटी दिवस 2012**

  सी–डॉट के दिल्ली और मुम्बई स्थित दोनों कार्यालयों में 17 मई, 2012 को डब्ल्यूटीआईएसडी 2012, मनाया गया। इसके इस वर्ष के विषय ''आईसीटी में महिलाएं एवं बालिकाएं'' का सी–डॉट के लिए विशेष महत्व है, क्योंकि इस सेंटर के कर्मियों में 30 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं हैं और उन्हें प्रमुख योगदान दिए हैं। इस अवसर पर महिला विशेषज्ञों और सी–डॉट की कर्मियों की वार्ता का आयोजन किया गया।

- **स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स समिट (एसईएस) 2012**

  बेंगलूर में एचएएल परिसर में 26 और 27 जून, 2012 को ईएलसीआईएनए का आयोजन किया गया। सी–डॉट ने इसमें भाग लेकर अपनी प्रौद्योगिकियों और उत्पादों का प्रदर्शन किया।

- **रैक्स के 25 वर्षों के अवसर पर समारोह**

  128–पोर्ट रूरल ऑटोमैटिक एक्सचेंज (रैक्स)–सी–डॉट की ओर से विकसित प्रथम उत्पाद को 21 जुलाई 2012 को राष्ट्र की सेवा करते हुए 25 वर्ष हो गए। प्रथम रैक्स 21 जुलाई 1986 को किट्टूर (बेलगाम, कनार्टक) में चालू किया गया था। यह ऐसी उपलब्धि थी, जिसने ग्रामीण दूरसंचार के महत्व की ओर ध्यानाकर्षित किया और देश में

दूरसंचार क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया। इस ऐतिहासिक अवसर की याद में 7 अगस्त 2012 को तीन स्थानों–दिल्ली, बेंगलूर और किट्टूर में एक साथ समारोह आयोजित किये गए। दिल्ली के समारोह की अध्यक्षता श्री सैम पित्रोदा ने की। स्थापना कार्यकारी निदेशक श्री जी बी मीमामसी और सी–डॉट के स्थापना निदेशक डॉ. एम वी पिटके ने क्रमशः बेंगलूर और किट्टूर में समारोहों को सम्बोधित किया। माननीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री कपिल सिब्बल ने उपस्थित लोगों को फोन पर संबोधित किया। तीनों स्थलों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जोड़ा गया था।

यह दिन और भी महत्वपूर्ण हो गया क्योंकि किट्टूर के रैक्स का आईपी नैक्स्ट जेनरेशन नेटवर्क्स टैक्नॉलोजी आधारित मैक्स–एनजी के जरिये उन्नयन किया गया।

- **सी–डॉट स्थापना दिवस संगोष्ठी**

24 अगस्त 2012 को सी–डॉट के स्थापना दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में सी–डॉट के परिसर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्घाटन विख्यात शिक्षाविद् एवं आईआईटी मद्रास के पूर्व निदेशक प्रोफेसर पी वी इंदिरसेन ने किया। नेक्स्ट जेनरेशन सर्विसिज और ऑप्टिकल नेटवर्क्स पर प्रमुख प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिये। 25 अगस्त को तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सी–डॉट कर्मियों, सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों, सशस्त्र बलों और दूरसंचार उपकरण विनिर्माताओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में कावा ऑब्जैक्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. राव मिक्कीलिनी और ओपीटीयूएस ऑस्ट्रेलिया के निदेशक श्री साइमन लव की वार्ता हुई और उसके बाद रोचक और ज्ञानवर्धक पैनल डिस्कशंस का आयोजन किया गया।

- **इंडिया टेलीकॉम 2012**

सी–डॉट ने पिछले वर्षों की तरह इस बार भी इंडिया टेलीकॉम 2012 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी में भाग लिया। इसका आयोजन दूरसंचार विभाग ने फिक्की के साथ मिल कर किया था। इसका आयोजन 13 से 15 दिसंबर, 2012 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया गया। इसमें सी–डॉट का मंडप विशेष आकर्षण का केंद्र था। सी–डॉट के मंडप का विषय था ''सी–डॉट–आरएंडडी फॉर द नेक्सट जेनरेशन रिवोल्यूशन''। इसमें जीपॉन, एनजीएन, बीबीडब्ल्यूटी एनएमएस और डी–रैक्स को काम करते हुए दिखाया गया। कई शीर्ष सरकारी और रक्षा अधिकारी मंडप को देखने आए और उन्होंने सी–डॉट अधिकारियों के साथ चर्चा की।

- **100वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस में सी–डॉट**

सी–डॉट ने कोलकाता में 3 से 7 जनवरी, 2013 तक आयोजित भारत की गौरवशाली प्रदर्शनी 100वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस में भाग लिया और अपने उत्पादों तथा समाधानों का प्रदर्शन किया। इस दौरान डी–रैक्स और सीएनएमएस जैसे उत्पादों को काम करता दिखाया गया और जीपॉन, राउटर्स, एग्रीगेटर्स एनजीएन, एनएमएस, बीबीडब्ल्यूटी और एसएसजी–रैन से संबंधित पोस्टर

प्रदर्शित किए गए। आईएससी–2013 का विषय ''भारत के भविष्य को आकार देना'' था। सी–डॉट के मंडप का विज्ञान जगत की प्रो. एम एस स्वामीनाथन, डॉ. मशेलकर, डॉ. सोमनाथ घोष और डॉ. देवी प्रसाद कार्निक जैसी जानी–मानी हस्तियों ने दौरा किया और दूरसंचार क्षेत्र में सी–डॉट की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

- **वाइब्रेंट गुजरात–2013**

वाइब्रेंट गुजरात–2013 में अपनी प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए सी–डॉट ने मैसर्स एसआईएस के साथ मंडप साझा किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन गांधी नगर में 12–13 जनवरी 2013 को किया गया। सी–डॉट ने जीपॉन और डीरैक्स का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से उद्योग जगत और आम जनता के बीच दूरसंचार प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता फैलाई गई।

महत्वपूर्ण दौरे

- **आईटीयू–डेवलपमेंट के अध्यक्ष का दौरा**

यू–डेवलपमेंट के अध्यक्ष और टेलीकॉम स्टेंर्डडाइजेशन ब्यूरो के निदेशक श्री मेल्कम जॉनसन, आईटी ने 13 मार्च 2013 को सी–डॉट दिल्ली का दौरा किया। उनके समक्ष सी–डॉट के बारे में प्रस्तुति पेश की गई और उन्हें प्रयोगशालाएं दिखाई गईं। श्री मेल्कम ने दूरसंचार के लाभ ग्रामीण भारत तक पहुंचाने की दिशा में सी–डॉट के प्रयासों की सराहना की।

सी–डॉट के ग्राहकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

- **सेंट्रलाइज्ड मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम**

तीन प्रमुख एलईए (कानून प्रवर्तन एजेंसियों) के लिए 12–13 जून 2012 को सी–डॉट परिसर में सीएमएस अनुकूलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य एलईए को सीएमएस की संरचना और उसके माध्यम से उपलब्ध होने वाली निगरानी सुविधाओं से अवगत कराना था। विभिन्न टीएसपी के परीक्षण लक्ष्यों का इस्तेमाल करते हुए प्रदर्शन करके भी दिखाया गया। एलईए ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की और अपनी अमूल्य प्रतिक्रिया दी।

- **भवन दामिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम**

सी–डॉट की जीपॉन प्रौद्योगिकी के सात में से पाँच लाइसेंसधारियों ने भवन दामिनी (मिनी ओएलटी) प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का चयन किया और सी–डॉट के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। जीपॉन और भवन दामिनी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 3 और 5 जुलाई 2013 को सी–डॉट नई दिल्ली में किया गया।

संस्थागत पारदर्शिता और आरटीआई कार्यान्वयन को प्रोत्साहन

सी–डॉट ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 के प्रावधानों के अग्रसक्रिय और कारगर कार्यान्वयन के माध्यम से सार्वजनिक प्राधिकरण में संस्थागत पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए पारदर्शिता अधिकारी (टीओ) की नियुक्ति की। इनमें प्रभावशाली रिकॉर्ड प्रबंधन, रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, नेटवर्किंग और क्रमिक अग्रसक्रिय खुलासे शामिल हैं।

सी–डॉट में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 लागू करने के ढांचे में एक प्रथम अपील प्राधिकरण (एफएए) एक मुख्य जनसूचना अधिकारी (सीपीआईओ) दिल्ली तथा बेंगलूर कार्यालयों के लिए एक–एक सहायक जन सूचना अधिकारी (एपीआईओ) शामिल है।

वर्ष 2012–13 के दौरान सूचना के लिए 41 नए आवेदन प्राप्त हुए। सभी को स्वीकृत कर निर्धारित समय सीमा के भीतर सूचना प्रदान की गई। इनमें से 8 मामलों में प्रथम अपील

प्राधिकरण में अपील की गई। सभी अपीलों में सुनवाई के बाद निर्णय दिया गया।

सी–डॉट में मानव संसाधन पहल

वर्ष 2012–13 के दौरान सी–डॉट ने आईआईटी, एनआईटी और अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरी कॉलेजों से कैम्पस भर्ती के माध्यम से कम्प्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा कम्युनिकेशन के क्षेत्र के 112 नए इंजीनियर अनुबंधित किए। सी–डॉट ने इस अवधि के दौरान 2 अनुभवी इंजीनियर भी अनुबंधित किए।

महिला सशक्तिकरण

सी–डॉट का प्रबंधन सदैव लैंगिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील रहा है और उसने निरंतर लिंग समानता पर आधारित संगठन की संस्कृति विकसित करने का प्रयास किया है। इस समय सी–डॉट में करीब 31 प्रतिशत महिला कर्मी हैं।

वर्तमान नीतियां

- सभी महिलाकर्मियों को 180 दिन के मातृत्व अवकाश और इसके बाद 90 दिन की छुट्टी (180 दिन के मातृत्व अवकाश सहित 270 दिन) लेने की इजाजत है। पूरे सेवाकाल में गर्भपात होने पर कुल 45 दिन की छुट्टी लेने की अनुमति है।

- सी–डॉट अपनी सभी महिला कर्मचारियों को आवास और परिवहन सुविधा उपलब्ध कराता है। महिला कर्मचारी अपनी जरूरत के अनुसार कई विकल्पों में से किसी एक का चुनाव कर सकती है। इससे कंपनी में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

- 100 प्रतिशत महिला कर्मचारियों को रिहायशी टेलीफोन के खर्च का पुनर्भुगतान किया जाता है। 40 प्रतिशत महिला कर्मचारियों को बहु कार्य भत्ता देय है।

- सभी महिला कर्मचारियों को करियर में प्रगति करने की सुविधाएं उपलब्ध हैं। सी–डॉट में पिछले वित्त वर्ष में पदोन्नत होने वाले कर्मियों में 31 प्रतिशत महिलाएं थीं। प्रबंधन वर्ग (टीम लीडर, ग्रुप लीडर, टैक्नीकल एक्सपर्ट सीनियर टैक्नीकल एक्सपर्ट) में भी करीब 17 प्रतिशत महिलाएं हैं।

- कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए सी–डॉट बोर्ड ने एक समिति का गठन किया है ताकि ऐसे मामलों में निष्पक्ष और न्यायोचित दृष्टिकोण अपनाकर समुचित कार्रवाई का सुझाव दिया जा सके।

कर्मचारी कल्याण :

- अस्पताल में भर्ती के दौरान उपचार के खर्च को कवर करने के लिए सी–डॉट ने नेशनल इंशोरेंस कंपनी लिमिटेड से कर्मचारियों के लिए समूह मेडिक्लेम बीमे की व्यवस्था की है। अधिशासी संवर्ग में कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए 5.00 लाख रुपये कवरेज है और गैर कार्यपालक संवर्ग के लिए यह राशि 3.50 लाख रुपये है और 5.00 लाख रुपये का विकल्प चुनने की सुविधा है। यह नीति 1 अप्रैल, 2006 से लागू है।

- सी–डॉट कर्मियों की रोजमर्रा की शिकायतें दूर करने के लिए उन्हें सुगम और आसानी से उपलब्ध तंत्र उपलब्ध कराने के लिए शिकायत प्रक्रिया शुरू की गई है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों की भर्ती

सी–डॉट शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों और अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों की भर्ती के लिए आरक्षण के सरकारी नियमों का पालन करता है।

सी–डॉट में इन श्रेणियों के कर्मचारियों के कल्याण के लिए एक व्यवस्था है और इनकी कठिनाइयों/समस्याओं का समाधान किया जाता है।

शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए लाभ :

- सी–डॉट नौकरियों में विकलांगजनों के आरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करता है।
- दिल्ली में सी–डॉट के कार्यालय का निर्माण इस तरह किया गया है कि शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को आने–जाने में असुविधा न हो। इन लोगों के लिए आने–जाने के लिए मुख्य प्रवेश/प्रस्थान पर सीढ़ियों के साथ ही रैम्प बनवाया गया है। इसके अलावा विभिन्न कार्य क्षेत्रों को जोड़ने के लिए एलीवेटर लगाए गए हैं ताकि विकलांगजन एक खंड से दूसरे खंड में आसानी से आ–जा सकें।

सी–डॉट में हिंदी को प्रोत्साहन

सी–डॉट भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के गंभीर प्रयास कर रहा है। सी–डॉट कर्मचारियों में जागरूकता लाने के लिए वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है। इस बारे में सी–डॉट के दिल्ली और बेंगलूर केंद्रों में कई नए कार्यक्रम शुरु किए गए हैं। विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर नियमित तौर पर हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।

सी–डॉट के कामकाज में राजभाषा हिंदी के इस्तेमाल की दिशा में हुई प्रगति का राजभाषा से सम्बद्ध माननीय संसदीय समिति ने 12 नवम्बर 2012 को निरीक्षण किया। माननीय समिति सी–डॉट में राजभाषा के इस्तेमाल और प्रचार के प्रति कुल मिलाकर संतुष्ट थी। समिति ने कुछ सुझाव दिए थे, जो तभी से लागू किये जा रहे हैं।

सी–डॉट के कार्यालयों में हिंदी उत्सव 2012, 10–25 सितम्बर 2012 (बेंगलूर) और 14–28 सितम्बर 2012 (नई दिल्ली) में मनाया गया। उत्सव का प्रारम्भ इनसे मिलिए ....से शुरू हुआ। इसमें भारत के महान फोटो पत्रकार श्री रघु राय अतिथि थे। श्री राय ने व्यक्ति की रचनात्मकता को स्वतंत्रता प्रदान करने और आसपास की दुनिया को व्यापक और विविध रूप से देखने की बात कही। इस पखवाड़े के दौरान, सी–डॉट के कर्मियों को अपने रोज–मर्रा के कामकाज में हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते कई स्पर्धाओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हिंदी में एक ऑडियो–विजुअल क्विज का भी आयोजन किया गया, जिसे सभी ने पसंद किया। उत्सव का मुख्य आकर्षण कवि सम्मेलन था, जिसमें कुछ विख्यात कवियों ने उपस्थित होकर हमारा मान बढ़ाया। डॉ. उदय प्रताप सिंह, डॉ. कुंवर बेचैन, श्री सुरेंद्र शर्मा, श्रीमती ममता किरण, श्री लक्ष्मी शंकर वाजपेयी, डॉ. विनय विश्वास और संचालक के रूप में श्री अरूण जेमिनी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 28 फरवरी 2013 को तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सी–डॉट के कर्मियों ने विविध विषयों पर तकनीकी प्रस्तुतियां पेश कीं। सी–डॉट के दिल्ली और बेंगलूर कार्यालयों में एक साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संगोष्ठी आयोजित की गई। बीबीएनएल के निदेशक श्री ए. के. भार्गव और केंद्रीय हिंदी प्रकाशन संस्थान के निदेशक श्री जय प्रकाश कर्दम निर्णायक थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया।

वित्त वर्ष 2012–13 के दौरान अनुदान और खर्च

